>

Title: Need for mechanism in place to ensure smooth supply of LPG in Meerut-Hapur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने क्षेत्र के गैस उपभोक्ताओं की कठिनाई की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। मेरे क्षेत्र में, विशेषकर हापुड़ में अनेक ऐसे गैस के वितरक हैं, जो गुंडागर्दी की सीमा तक मनमानी करते हैं और गैस उपभोक्ताओं को परेशान करते हैं। लोगों को नए कनेक्शन नहीं देते हैं और यदि कनेक्शन देते हैं तो चूल्हा आदि अन्य चीजों को साथ में देकर लाभ कमाना चाहते हैं। मैं उन्हें पत्र लिखता हूं, लेकिन वे उसका भी मान नहीं रखते। मंत्रालय के द्वारा जो स्वीकृति के पत्र गए हैं, उसके आधार पर भी वे गैस के कनेक्शन नहीं देते हैं। इसके अलावा गैस की बुकिंग के अंदर भी देरी करते हैं और लोगों को दो-दो महीने में गैस प्राप्त होती है।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से आग्रह है कि इसकी जांच करायी जाए। वहां बहुत बड़ी मात्रा में कालाबाजारी हो रही है। वितरक ही यह बता देते हैं कि उस जगह चले जाइए, सात-आठ सौ रुपए में सिलेंडर वहां से मिल जाता है। मैं उनका नाम उल्लेख नहीं करना चाहता हूं। मुझे आशा है कि सरकार इसका संज्ञान लेगी, कार्रवाई करेगी और आगे से गैस उपभोक्ताओं को असुविधा नहीं होगी।